# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक-10.08.2026**

- **थाना सट्टी पुलिस, सर्विलांस एवं एसओजी टीम द्वारा चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से 01 इन्वर्टर, 03 बैट्री (कीमत लगभग ₹ 100,000/-) तथा घटना में प्रयुक्त 01 ऑटो बरामद।**

कृपया सादर अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 10.08.2026 को वादी श्री रामकुमार कटियार पुत्र श्री रामप्रकाश कटियार निवासी कस्बा व थाना राजपुर कानपुर देहात के द्वारा दिनांक 29.07.2026 की रात्रि में ग्राम कुंवरपुर स्थित निर्माणाधीन फैक्ट्री VNU GROUP OF INDUSTRIES में चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना सट्टी पर मु0अ0सं0 45/2026 धारा 331(4)/305 बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना सट्टी पुलिस, सर्विलांस एवं एसओजी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 10.08.2026 को रूरगांव ढिकची मोड़ से 100 मीटर आगे भोगनीपुर की तरफ जाने वाले मार्ग से अभियुक्तगण 1. करनवीर सिंह पुत्र उमेश चन्द्र निवासी मुडैरा किन्नर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 32 वर्ष 2. अजीत सिंह पुत्र श्री कृष्ण निवासी ग्राम मुडैरा किन्नर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 28 वर्ष को चोरी के 01 इन्वर्टर (EAPRO कम्पनी) और 03 बैट्री (EXIDE कम्पनी) व घटना में प्रयुक्त एक ऑटो (TVS WEGO नं0-UP 77 BN 6653) के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी तथा पूछताछ के क्रम में 01 अन्य अभियुक्त अंशु पुत्र स्व0 श्री अमरलाल निवासी ग्राम मुडैरा किन्नर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 25 वर्ष का नाम भी प्रकाश में आया, जिसकी गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 29.07.2026 की रात्रि को हमने ग्राम कुंवरपुर स्थित निर्माणाधीन फैक्ट्री VNU GROUP OF INDUSTRIES में चोरी की थी। हम लोग ऑटो की किस्त भरने व कर्ज चुकाने के लिये चोरी किये थे। आज हम चुराया हुआ सामान बेचने के लिये भोगनीपुर जा रहे थे कि तभी रास्ते में आपने हमें पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. करनवीर सिंह पुत्र उमेश चन्द्र निवासी मुडैरा किन्नर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 32 वर्ष
2. अजीत सिंह पुत्र श्री कृष्ण निवासी ग्राम मुडैरा किन्नर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 28 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

- 01 इन्वर्टर EAPRO कम्पनी सीरीयल नं0 AA2402911075MS57 व 03 बैट्री EXIDE कम्पनी (अनुमानित कीमत ₹ 100,000)
- घटना में प्रयुक्त एक ऑटो TVS WEGO UP 77 BN 6653

**अभियुक्त करनवीर उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 228/2025 धारा 115(2)/117(2)/352 बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात,
2. मु0अ0सं0 24/2026 धारा 115(2)/126(2)/3(5)/333/351(3)/352/74/75(2) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात,
3. मु0अ0सं0 45/2026 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात,

**अभियुक्त अजीत सिंह उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 126/2025 धारा 115(2)/117(2)/352 बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात,
2. मु0अ0सं0 45/2026 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात,

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक श्री प्रवीन कुमार सर्विलांस टीम कानपुर देहात,
2. उ0नि0 श्री कामता प्रसाद थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात,
3. हे0का0 607 अजीत सिंह सर्विलांस टीम कानपुर देहात,
4. का0 381 अजय कुमार थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात,
5. का0 482 विवेक कुमार थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात,
6. का0 1320 अश्वनी कुमार थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात,
7. का0 896 कपिल कुमार सर्विलांस टीम कानपुर देहात